तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार 3 जून 2026



10 अवैध-अस्वच्छ पेयजल कनेक्शन धारकों को नोटिस



10 महिलाओं ने लिया जूट उत्पाद का प्रशिक्षण




## खबर संक्षेप

### कहासुनी के चलते व्यक्ति पर तेजधार हथियार से हमला

**जींद।** अजमेर बस्ती में कहासुनी के चलते व्यक्ति पर तेजधार हथियार हमला कर गंभीर रूप से घायल करने पर शहर थाना पुलिस ने दंपित्त के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अजमेर बस्ती निवासी नेहा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी पड़ोसी जितेंद्र से कहासुनी हो गई थी। गत 30 मई को उसका पति प्रवीण अपने घर लौट रहा था। गली में जितेंद्र तथा उसकी पत्नी कृष्णा ने रोक लिया और उसके पति के मारपीट शुरू कर दी।

### रंजिशन के चलते दो भाईयों पर हमला

**जींद।** गांव लुदाना में रंजिशन तेजधार हथियार से हमला कर दो भाइयो को घायल करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव लुदाना निवासी संजीव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी लहणा परिवार से रंजिश चली आ रही है। वह अपने भाई अजय के साथ घर लौट रहा था। उसी रंजिश के चलते लहणा परिवार ने दोनों भाइयों पर हथियार से हमला कर दिया। जिसमें दोनों को काफी चोटें आई।

### दुकान से 40 हजार रुपये की नकदी चोरी, केस दर्ज

**जींद।** नरवाना के पटियाला रोड पर चोरों ने दिन में बैटरी दुकान में लगे शीशे का ताला तोड़ कर 40 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रेम नगर नरवाना निवासी कैलाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पटियाला रोड पर बैटरियों की दुकान है। दोपहर को वह दुकान के शीशे वाले गेट पर लाक लगा कर घर खाना खाने चला गया। जब वापस लौटा तो गेट का लॉक टूटा हुआ था। मंदिर में रखी 40 हजार रुपये की नगदी गायब थी।

### रंजिशन मारपीट करने पर 3 के खिलाफ केस

**जींद।** गांव हाडवा में रंजिशन मारपीट करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हाडवा निवासी पूनम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी पड़ोसी ईश्वर से कहासुनी हो गई। जिस पर ईश्वर परिवार ने उसके तथा परिवार के साथ मारपीट की। आसपास के लोगों ने उन्हें ईश्वर परिवार से छुड़वाया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर ईश्वर, आशीष, उसकी पत्नी निकिता के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तार चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**नरवाना।** थाना सदर नरवाना दनौदा चौकी पुलिस ने खेतों से तार चोरी करने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सतगुरु वासी भाठवा संगरुर पजांब तथा दीपक वासी धमतान साहिब के रुप में हुई है। थाना सदर नरवाना के प्रभारी कमल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायतकर्ता मूर्ति देवी वासी दनौदा कला ने पुलिस चौकी दनौदा में एक शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसमें उसने बताया कि उसके खेत से अज्ञात ने तार चोरी कर ली है। शिकायत के आधार पर थाना सदर नरवाना में मामला दर्ज कर आगामी जांच दनौदा चौकी को दी गई।

### खेती की उपजाऊ मिट्टी की परतें चुराई, केस दर्ज

**कलायत।** कलायत पुलिस स्टेशन में इस बार बेहद अजीबोगरीब मामला सामने आया है। इस घटना में खरक पांडवा गांव के किसान अनूप ने बिना उसकी अनुमति कुछ लोगों द्वारा जेसीबी के जरिये खेत की उपजाऊ मिट्टी की परतें चुराने की शिकायत दी है। खेत मालिक ने बताया कि सजुमा रोड पर उनकी करीब साढ़े चार एकड़ कृषि भूमि है। इसके जरिये परिवार का पालन-पोषण होता है।

## पुलिस ने आरोपितों से बरामद किए थे नौ हथियार व 400 कारतूस, आरोपी चार दिन के रिमांड पर

# राजपुरा भैण गांव से पकड़े दोनों आरोपितों की गिरफ्तारी से छह वारदातों का खुलासा

हिसार की महाबीर कॉलोनी निवासी रामफल से कारतूस खरीदे थे

## मेरठ से खरीदी थी पांच पिस्तौल, हिसार से खरीदे कारतूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** पत्रकारों से बातचीत करते डीएसपी संजय। फोटो :हरिभूमि

सीआइए पुलिस द्वारा अवैध असलहा के साथ गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपितों से पूछताछ कर छह वारदातों का खुलासा किया है। आरोपित राजपुरा भैण निवासी तेजबीर व अरुण को मंगलवार को पुलिस ने अदालत में पेश किया। अदालत ने दोनों को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजने के निर्देश दिए हैं। पुलिस ने आरोपितों से दो बंदूक, सात पिस्तौल व 400 कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपितों से अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ की जाएगी। आरोपितों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि मेरठ से उन्होंने पांच पिस्तौल खरीदे थे व हिसार से कारतूस। मंगलवार को डीएसपी संजय कुमार ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि गत 22 मई को बैंक ऑफ बड़ौदी के गार्ड से अज्ञात युवकों ने एक पिस्तौल व एक बंदूक छीन ली थी। पुलिस को सूचना मिली कि गार्ड से हथियार छीनने वाले गांव राजपुरा भैण में तेजबीर के खेतों में बैठे हैं। उनके पास काफी हथियार हैं। सूचना के आधार पर सीआईए पुलिस ने मौके पर मौजूद राजपुरा भैण निवासी तेजबीर व अरुण को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के पास से गार्ड से छीने दोनों हथियार बरामद हुए। डीएसपी ने बताया कि दोनों आरोपित उत्तर प्रदेश के मेरठ से विनोद नामक व्यक्ति से पांच अवैध पिस्तौल खरीद कर लाए थे। इसके अलावा इन्होंने हिसार की महाबीर कालोनी निवासी रामफल से कारतूस खरीदे थे। पुलिस ने इन दोनों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। जल्द ही पुलिस इनको भी गिरफ्तार करने का प्रयास करेगी।

### इन वारदातों का खुलासा

डीएसपी संजय कुमार ने बताया कि आरोपितों की गिरफ्तारी से सिक्योरिटी गार्ड से 22 मई को छीनी गई पिस्तौल व डोगा बंदूक बरामद हुई। 22 दिसंबर 2023 को नए बस स्टैंड के पास से एक गार्ड से बंदूक छीनी थी। जिसका मामला सिविल लाइन थाना में दर्ज है। इसी साल की 16 मार्च को आरोपितों ने शहर के जेपी गोल्ड होटल के पास से एक बाइक चोरी की थी। 25 नवंबर 2023 को दोनों ने पंजाब नेशनल बैंक के पास से एक व्यक्ति की आंखों में मिर्ची पाउडर डाल कर एक लाख रुपये की लूट की थी। इसका मामला उचाना थाना में दर्ज है। इसके अलावा बरवाला में भी दो साल पहले आरोपितों ने पिस्तौल के बल पर रुपये लूटे थे। इस पूरे मामले की डिटेल खंगाली जा रही है। सोनीपत के गोहाना में भी आरोपितों पर आर्म्ज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

### समारोह में पैसे लेकर करते थे हर्ष फायरिंग

**जींद।** गांव राजपुरा भैण से गिरफ्तार किए गए आरोपित तेजबीर उर्फ तेजा व अरुण ने समारोह में किराये पर हर्ष फायरिंग करने के लिए हथियार खरीदे थे। इसके अलावा गांव में भी उनकी किसी के साथ रंजिश थी। इस रंजिश से निपटने के लिए भी उनको हथियारों की जरूरत थी। पुलिस के अनुसार यह लोग इसी रंजिश में हत्या करने का भी इरादा रखते थे। इन्होंने छह देसी पिस्तौल खरीदे थे जबकि एक पिस्तौल व दो बंदूक चोरी की थी। पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपितों से चौंकाने वाला खुलासा है। दोनों आरोपित हथियारों को जमा इसलिए कर रहे थे ताकि शादी समारोह में हर्ष फायरिंग करके पैसे कमा सकें। यह लोग अब तक दस से ज्यादा समारोह में हर्ष फायरिंग कर चुके हैं। इसके लिए 30 से 50 हजार रुपये तक का एक दिन का किराया होता है। इसके अलावा जितनी भी गोलियां चलती थी। उनका अलग से चार्ज होता था। शुरुआत में तेजबीर व अरुण ने मेरठ निवासी विनोद से देसी पिस्तौल खरीदे थे। इसके बाद इनको दोनाली बंदूक नहीं मिली तो चोरी का तरीका अपनाया। एक पिस्तौल व एक बंदूक इन्होंने सिक्योरिटी गार्ड से छीनी थी। इसके अलावा एक बंदूक इन्होंने नए बस स्टैंड के पास से एक सिक्योरिटी गार्ड से छीनी थी। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपित अब कामन सर्विस संेटरों से पैसे लूटने की योजना बना रहे थे। इसके लिए इन्होंने कुछ सीएससी की रेकी भी करनी शुरू कर दी थी।

### गांव में थी रंजिश

दोनों आरोपित मिलकर काम करते थे। गांव में दोनों की किसी के साथ रंजिश थी। पुलिस के अनुसार इसी रंजिश में यह दोनों आरोपित हत्या करने का भी इरादा रखते थे। हत्या करने व हर्ष फायरिंग करने के लिए इनको ज्यादा हथियारों की जरूरत थी।

## जॉर्जिया भेजने के नाम पर एजेंट ने 4.40 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शहर से सटे गांव चंदाना के एक युवक को जॉर्जिया भेजने के नाम पर एजेंट ने 4.40 लाख की ठगी कर ली। पीड़ित युवक की शिकायत पर पुलिस ने एजेंट के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसपी कार्यालय के माध्यम से सिटी थाना पुलिस को दी शिकायत में चंदाना निवासी अंकित गोर ने आरोप लगाया कि उसका संपर्क बिहार निवासी मुन्ना शाह से हुआ था, जिसने खुद को विदेश भेजने का एजेंट बताया। आरोपी ने जॉर्जिया भेजने के लिए दो व्यक्तियों का वीजा लगवाने की बात 10.50 लाख में तय की थी। इसके बाद उसने आरोपी को 4.40 लाख रुपए दे दिए। इसके बाद आरोपी ने सिंगापुर का वीजा लगवाने का भरोसा देकर एक अन्य व्यक्ति के लिए 6 लाख में सौदा किया और 4.70 लाख प्राप्त कर लिए। यह भी नहीं दिए। आरोपी द्वारा उपलब्ध कराए गए वीजा नकली पाए गए। जब उसने इस बारे में आपत्ति जताई तो आरोपी ने वीजा को असली बताते बाकी राशि जमा करवाने का दबाव बनाया। शिकायतकर्ता ने असली वीजा मिलने के बाद ही भुगतान की बात कही तो आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया।

### परीक्षा देकर घर लौट रही छात्रा से अश्लील हरकत

**जींद।** उचाना थाना इलाका गांव में कालेज से परीक्षा देकर घर लौट रही छात्रा के साथ बाइक सवार युवक ने अश्लील हरकत तथा हाथापाई की। विरोध पर आरोपित ने छात्रा को बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। उचाना थाना पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर युवक के खिलाफ अश्लील हरकत करने, हाथापाई करने, धमकी देने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। उचाना थाना इलाका गांव की एक छात्रा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पड़ोसी गांव के सरकारी कालेज में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा है। गत 30 मई को वह परीक्षा देकर घर लौट रही थी। जब वह गांव के मोड़ पर पहुंची तो सामने से बाइक सवार एक युवक आया। जिसने उसकी तरफ अश्लील इशारा किया।

## बाकल के युवक की नहर में डूबने से मौत

- शराब के नशे में युवक का पैर फिसलने से नहर में गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



गांव बाकल में एक दर्दनाक हादसे में नहर में डूबने से 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक अपने ही परिवार के दो अन्य युवकों के साथ नहर किनारे गया था। इससे पहले बताया जाता है कि वे तीनों सुबह से शराब पीने में लगे थे, गांव में से वे शराब आदि समान लेकर नहर पर चले गए, वहां शराब पीने के दौरान युवक का पैर फिसल गया और वह नहर में गिर गया। नहर में पानी कम होने के बावजूद युवक की दम घुटने से मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव बाकल निवासी नितिन (22 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची व शव बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेजा। जानकारी के अनुसार नितिन अपने परिवार के दो अन्य युवकों के साथ पहले घर पर बैठकर शराब पी रहा था। इसके बाद बची हुई शराब और अन्य सामान लेकर तीनों गांव के पास से गुजर रही नहर के किनारे पहुंच गए। वहां बैठकर शराब पीने के दौरान नितिन का संतुलन बिगड़ गया और उसका पैर फिसल गया। वह सीधे नहर में जा गिरा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नहर में करीब दो फुट पानी था, लेकिन अधिक नशे की हालत में होने के कारण वह स्वयं को संभाल नहीं सका। जब तक साथ मौजूद लोग उसे बाहर निकालते, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों ने बताया कि नितिन दिहाड़ी मजदूरी का काम करता था और परिवार की आर्थिक मदद करता था। उसके परिवार में माता-पिता और एक भाई हैं। माता-पिता भी मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। बेटे की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में भी घटना के बाद शोक का माहौल है।

### कार्रवाई अमल में लाई जा रही

पूंडरी के थाना प्रभारी शिवकुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया है। प्रारंभिक जांच में युवक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट या संघर्ष के निशान नहीं मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार युवक की मौत दम घुटने के कारण हुई है। मामले में हत्या अथवा किसी अन्य आपराधिक घटना के संकेत नहीं मिले हैं। परिजनों के बयान के आधार पर इत्तेफाकिया मौत की कार्रवाई अमल में लाई गई है।

### जेई के निलंबन के विरोध में प्रदर्शन, नारेबाजी की

**राजौंद।** विद्युत प्रसारण निगम प्रांगण में जेई के निलंबन के विरोध में कर्मचारियों ने रोष स्वरूप गेट मीटिंग कर जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान अश्विनी ढांडा ने की, जबकि मंच संचालन सब यूनिट उप प्रधान प्रवीण कोटड़ा द्वारा किया गया। यह गेट मीटिंग सब यूनिट पुंडरी के आह्वान पर आयोजित की गई। कर्मचारियों का कहना है कि राजौंद सब डिवीजन में कार्यरत राकेश जेई को एसई व एचआर द्वारा गलत तरीके से निलंबित किया गया है, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक राकेश जेई को बहाल नहीं किया जाता, तब तक राजौंद सब यूनिट प्रांगण में यह गेट मीटिंग लगातार जारी रहेगी। कर्मचारियों ने निलंबन को अन्यायपूर्ण बताते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की। इस रोष स्वरूप गेट मीटिंग में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान वरिष्ठ उप प्रधान कुलदीप, गुरुदेव, रोहतास, सब यूनिट मुकेश कोटड़ा, रमन, मोहित, अमन, लाल, आदित्य, सरिता, रितु, अनिल, रमेश, नीरज, साहब सिंह, जगदीश जेई सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।



**राजौंद।** जेई के निलंबन के विरोध में विद्युत प्रसारण निगम प्रांगण में गेट मीटिंग कर प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

## प्रो. रामपाल सैनी 3 साल के लिए सीआरएसयू के कुलपति नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



प्रोफेसर रामपाल सैनी को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय का तीन साल के लिए वीसी नियुक्त कर दिया है। इससे पहले उन्हें पिछले साल 28 मई को कार्यवाहक वीसी लगाया गया था। यहां कार्यवाहक वीसी लगने से पहले वे डीएवी पीजी कॉलेज करनाल के प्राचार्य रहे हैं। मंगलवार को राज्यपाल की तरफ से प्रो. रामपाल सैनी की नियुक्ति का पत्र जारी किया है। प्रो रामपाल सैनी ने तीन वर्ष में अपनी प्राथमिकताओं के बारे में कहा कि विवि में जल्द स्थायी नियुक्तियां की जाएंगी। शिक्षा व्यवस्था को और पारदर्शी बनाया जाएगा। विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। शोध पर जोर दिया जाएगा ताकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का नाम हो। विश्वविद्यालय को रिसर्च का केंद्र बनाया जाएगा। नई शिक्षा नीति को और कारगर तरीके से लागू किया जाएगा। वहीं पिछले एक साल के कार्यकाल के बारे में कहा कि विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोध के लिए केंद्र खोला गया। इसके लिए जापान व पुर्तगाल के प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू किया है। नई शिक्षा नीति को बेहतर तरीके से लागू करने पर विश्वविद्यालय को पुरस्कार मिला है। शिक्षा व्यवस्था में सुधार किया।

## महिलाओं ने मटके उठाकर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाई

### गांव गुलियाना में पेयजल किल्लत



गुलियाना गांव के ग्रामीण सरकार की अनदेखी के चलते पेयजल की गंभीर समस्या से ग्रस्त है। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव की टूंटियों में पेयजल नही अपितू जहर आ रहा है। जिससे ग्रामीण व पशु बीमार है। इसी समस्या को लेकर महिलाओं ने सरकार व जिला प्रशासन के विरोध में प्रदर्शन भी किया और समस्या से छूटकारा दिलवाने की मांग की है। महिला प्रेमो, कृष्णा, भतेरी, संतोष, राजबाला आदि ने बताया कि उनके गांव में पेयजल की समस्या है। गांव में तीन बड़े नलकूप है। जिसमें से चालू हालत में दो है। जिसमें से एक का पानी कुछ ठीक है, जबकि दूसरे नलकूप का पानी बिल्कुल खारा है और उसके पानी में रेता व मिट्टी आती है।

### रोड जाम करने की चेतावनी

बताया कि समस्या कोई नई नही है। इस समस्या को लेकर ग्रामीण चंडीगढ़ व कैथल सहित अधिकारियों आदि के चक्कर काट चुके है, परन्तू सब कुम्भकरणी नींद में सोये पड़े है। बताया कि आधे गांव के ग्रामीणों को पीने के लिए पानी लाने के लिए गांव के दूसरी ओर तथा खेतों में चक्कर काटने पड़ रहे है। महिलाओं के सिर पर मटका रखा रहता है। खराब पानी के चलते बच्चे, बुजुर्ग व पशु बीमार रहते है। जिससे ग्रामीण पानी को छानकर बर्तन साफ करने आदि के काम में ले रहे है। घरों के अंदर पानी छाने के कारण रेते का ढेर लग चुका है। उन्होंने बताया कि गांव में काफी पहले तीसरा बोर भी लगवाया गया था, परन्तु उस पर ट्रांसफार्मर होने के बाद भी मोटर नही ड़ाली गई। ग्रामीणों ने सरकार व जिला प्रशासन को चेतावनी देते कहा कि यदि इस समस्या की ओर ध्यान नही दिया गया तो ग्रामीणा कैथल जींद मार्ग पर अनिश्चितकालीन जाम भी लग देंगे।

## पांचाल धर्मशाला में तीन दिवसीय मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

# सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण में सहभागी बनने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और लोक परंपराओं को संरक्षित एवं संवर्धित करने के उद्देश्य से कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा सांझी संरक्षण अभियान के तहत पांडु पिंडारा स्थित पांचाल धर्मशाला में तीन दिवसीय मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय सांझी संरक्षण कार्यशाला उद्घाटन गांव के सरपंच कुलदीप मलिक ने किया। विभाग द्वारा विलुप्ति की ओर बढ़ रही पारंपरिक लोक कला सांझी को पुनर्जीवित करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यशाला का उद्देश्य न केवल इस प्राचीन कला का संरक्षण करना है बल्कि युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों और लोक परंपराओं से जोडऩा भी है। कलां एवं सांस्कृतिक अधिकारी रेणु हुड्डा ने बताया कि विभाग के आयुक्त एवं सचिव डा. अमित कुमार अग्रवाल तथा महानिदेशक केएम पांडुरंग के दिशा-निर्देशन में प्रदेश के सभी मंडलों में तीन दिवसीय सांझी कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यशालाओं में स्थानीय महिलाएं अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सांझी कला का निर्माण करेंगी और इसके विभिन्न आयामों को सीखेंगी। उन्होंने कहा कि सांझी केवल एक पारंपरिक कला नही बल्कि हरियाणा की लोक संस्कृति, सामाजिक मूल्यों और ग्रामीण जीवन की जीवंत अभिव्यक्ति है।

### कार्यशाला पूरी तरह निःशुल्क

यह कला हमारी सांस्कृतिक पहचान को सहेजने का महत्वपूर्ण माध्यम है। बदलती जीवनशैली, शहरीकरण और आधुनिकता के प्रभाव के कारण नई पीढ़ी इस लोक कला से दूर होती जा रही है। ऐसे में विभाग द्वारा आयोजित यह कार्यशाला सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाने और परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यशाला पूरी तरह निशुल्क होगी। सांझी कला सीखने की इच्छुक महिलाएं एवं युवतियां इसमें भाग लेकर विशेषज्ञों से सांझी निर्माण की पारंपरिक तकनीकों और कलात्मक विधियों का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकती हैं।


**GOPAL VIDYA MANDIR SR. SEC. SCHOOL**
Bhiwani Road, Jind (Haryana)
Estd. 1975
Affiliated to C.B.S.E, New Delhi, Affiliation No: 531420
Patronized by Hindu Shiksha Samiti, Kurukshetra (Haryana)
E-mail: gvmschooljind@yahoo.co.in, Contact No.: 8572851239, 7206479116

**STAFF VACANCY** (ADVERTISEMENT 1/2026)

- PGT (Mathematics) - M.Sc. (Mathematics), B.Ed.- 1
- PGT (Music) - M.A. (Music), B. Ed. (Knowledge of Harmonium is must.) -1
- TGT (Computer) - M.Sc. / M.C.A.-1
- Driver-05 Years Experience in Heavy Driving - 1

Note:-
1. Minimum 2 years experience and computer knowledge is mandatory for all post.
2. Salary as per school norms.
3. Application form can be downloaded from School website www.gvmjind.com or can be availed from office during School time and apply up to June 10, 2026.
4. Only shortlisted candidates, after scrutiny of applications, will be called for interview.
5. Form should be submitted in hard copy form in School office or mail it.

MANAGER

## खबर संक्षेप

### पंचकूला पहुंचेंगे उचाना से भारी संख्या में लोग

**उचाना।** भाजपा नेता पं. दीपक बुडायन ने बताया कि पंचकूला में भाजपा कार्यालय में नवनियुक्त भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता कार्यभार 3 जून को संभालेंगी। कार्यक्रम में उचाना हलके से भारी संख्या में लोग पहुंचेंगे। डॉ. अर्चना गुप्ता महामंत्री के तौर पर संगठन के लिए कार्य कर रही थी। प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने के बाद संगठन को फायदा होगा। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए हरियाणा में 43 साल के बाद महिला अध्यक्ष बनाई गई है।

### वार्ड नंबर-1 में निःशुल्क एनडीएस कैंप लगाया

**उचाना।** 3 जून को नरवाना बाईपास रोड उचाना मंडी वार्ड नंबर-1 में मुफ्त एनडीएस कैंप लगाया गया। सुमन जांगड़ा ने बताया कि पहला सुख निरोगी काया है। शरीर स्वस्थ नहीं है तो जीवन में कुछ नहीं है। कोई भी शरीर में बीमारी हो उसको भोजन परिवर्तन करके ठीक किया जा सकता है। भोजन परिवर्तन मात्र से ही शुगर, हार्ट प्रॉब्लम, थायराइड, बीपी, मोटापा, जोड़ो का दर्द, लिवर प्रॉब्लम, सोरायसिस जैसी बीमारी दूर हो सकती है। उन्होंने बताया कि एक दिवसीय मुफ्त कैंप लगाया जा रहा है। कैंप में बताया जाएगा कि किस तरह से शरीर को भोजन परिवर्तन करके बीमारियों से दूर रखा जा सकता है।

### एसआईआर को लेकर बैठक का आयोजन

**जींद।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम एसआईआर को लेकर मंगलवार को एसडीएम पुलकित मल्होत्रा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान एस आईआर कार्यक्रम को प्रभावी एवं पारदर्शी ढंग से संचालित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में चुनाव कानूनगो नरेश कुमार, उमेद सिंह, सतीश कुमारएस्नेहा तथा मनीष कुमार के अलावा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### चौ. भजनलाल को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे समर्थक : पंकज

**उचाना।** भाजपा नेता पंकज कापड़ो ने कहा कि 3 जून को पूर्व सीएम स्व. चौ. भजनलाल की 15वीं पुण्य तिथि पर आदमपुर में प्रदेश सहित आस-पास के राज्य से लोग पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। प्रदेश के सीएम रहते हुए हर वर्ग के लिए कार्य किया। 2009 से वो सांसद हिसार लोकसभा से बने। उचाना हलके में भी वो सांसद बनने के बाद आते थे। उचाना के लोगों का लगाव शुरू से ही चौ. भजनलाल के साथ रहा है। जो उचाना में बस स्टैंड, सबसे पहले 30 बैड का अस्पताल बना उनका उदघाटन अपने कार्यकाल के दौरान चौ. भजनलाल ने किया था।

### कॉलेज में दाखिले के लिए 15 तक आवेदन

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय कालेज में अब छात्र दाखिले के लिए 15 जून तक आवेदन कर सकेंगे। पहले यह अवधि 31 मई तक थी, जिसे अब 15 दिन और बढ़ा दिया गया है। कॉलेज के प्राचार्य डा. शमशेर सिंह ने बताया कि शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए प्रथम वर्ष के विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि को बढ़ा कर 15 जून 2026 कर दिया गया है।

### खेलो इंडिया महिला सिटी लीग जींद में सात जून को

**जींद।** भारत सरकार साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडियाए स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में हरियाणा राज्य साइकिलिंग संघ के सहयोग से अस्मिता साइकिलिंग सिटी खेलों इंडिया प्रतियोगिता का आयोजन सात जून को जींद में होगा। जिला साइकिलिंग संघ के महासचिव संजय ने दी। बताया कि प्रतियोगिता में सिर्फ महिला खिलाड़ी ही भाग ले सकती हैं। सिटी लीग में महिला वर्ग में 19 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाएं भाग ले सकती हैं। जूनियर वर्ग में 17 से 18 आयु की बालिकाएं, सब जूनियर व यूथ वर्ग में अंडर 13 से 16 वर्ष की बालिकाएं भाग ले सकती हैं।

## ओवरफ्लो टंकी से अस्पताल की छत से टपक रहा पानी

# नागरिक अस्पताल में जीर्णोद्धार कार्यों की आए दिन खुल रही पोल

### ठेकेदार और अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

**इमरजेंसी गेट के सामने फाल सीलिंग से बहा पानी नीचे फैला**


हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में 12 करोड़ से करवाए जा रहे जीर्णोद्धार कार्य की लगातार पोल खुल रही है। पिछले दिनों हुई बारिश के दौरान भी इमरजेंसी के सामने पर्ची काउंटर की दीवारों से पानी का रिसाव हो गया था और करेंट तक आ गया था। अब मंगलवार को अस्पताल की छत पर रखी टंकी के ओवरफ्लो होने पर पर पानी फॉल सीलिंग से होते हुए इमरजेंसी गेट के सामने, मुख्य द्वार के सामने जमा हो गया। जिसके चलते सुबह के समय स्वास्थ्य स्टाफ, अस्पताल में आए मरीज व तिमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में पिछले लगभग छह माह से जीर्णोद्धार कार्य करवाया जा रहा है। नागरिक अस्पताल 200 बैड का है। सौ बैड पुरानी बिल्डिंग तथा 100 बैड नई बिल्डिंग में है। पुरानी बिल्डिंग में ही इमरजेंसी वार्ड है। हालांकि बिल्डिंग 50 वर्ष पुरानी है। इसी बिल्डिंग का 12 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्वार और सौंदर्यीकरण का कार्य करवाया जा रहा है। उम्मीद थी कि इतने रुपयों से भवन को नया रूप मिलेगा और सुविधाएं बेहतर होंगी लेकिन ऐसा संभव नही हो पाया। नागरिक अस्पताल में जीर्णोद्धा की गुणवत्ता पर लगातार सवाल उठाए गए हैं। अधिवक्ता सुनील द्वारा विजिलेंस की जांच भी यहां करवाई जा चुकी है। इसके अलावा सामाजिक संगठनों और आमजन द्वारा भी 12 करोड़ के जीर्णोद्धार कार्य पर लगातार आपत्तियां उठाई जाती रही हैं। मंगलवार को अचानक से इमरजेंसी के सामने फॉल सिलिंग से पानी बहने लगा। इसके अलावा बाहर की तरफ भी पानी रिसने लगा। तुरंत प्रभाव से जब जांच की गई तो सामने आया कि अस्पताल की छत पर स्थित पानी की टंकी ओवरफ्लो हो रही थी। टंकी से निकला पानी उचित निकासी व्यवस्था न होने के कारण छत पर फैल गया और इमरजेंसी गेट के सामने लगी फॉल सीलिंग से नीचे बह गया।



जींद। इमरजेंसी के सामने साफ करवाया गया पानी।



जींद। फाल सिलिंग से रिस रहा पानी।

### कमियों को दुरूस्त करवाया जाएगा

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। संबंधित ठेकेदान व निर्माण अधिकारियों से बात की जाएगी। जो भी कमियां हैं, उसे दुरूस्त करवाया जाएगा।

## डिप्टी स्पीकर को सौंपा मांगपत्र

- हाई कोर्ट के निर्णय को शीघ्र लागू करने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गेस्ट टीचर्स यूनियन के आह्वान पर जिले के गेस्ट टीचर्स ने जिला प्रधान नरेंद्र श्योकंद व प्रदेश मीडिया प्रभारी राममेहर भौंसले के नेतृत्व में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा से मुलाकात कर नियमितीकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने हाई कोर्ट द्वारा गेस्ट शिक्षकों के नियमितीकरण संबंधित दिए गए निर्णय को शीघ्र लागू करने की मांग उठाई। जिला प्रधान नरेंद्र श्योकंद ने कहा कि प्रदेश के हजारों गेस्ट टीचर्स पिछले लगभग 20 वर्षों से शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। सीमित वेतन और अस्थायी व्यवस्था के बावजूद उन्होंने शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है लेकिन आज तक उन्हें स्थायी रोजगार का लाभ नहीं मिल सका है। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि गेस्ट टीचर्स ने अपने अधिकारों के लिए लगातार लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष किया और न्यायालय में भी अपनी लड़ाई लड़ी। हाई कोर्ट के निर्णय के बाद अब सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह नियमितीकरण की प्रक्रिया को जल्द पूरा कर शिक्षकों को न्याय प्रदान करे। प्रदेश मीडिया प्रभारी राममेहर भौंसले ने कहा कि बड़ी संख्या में गेस्ट टीचर्स सेवानिवृत्ति के करीब पहुंच चुके हैं। यदि समय रहते नियमितीकरण नहीं हुआ तो हजारों परिवार प्रभावित होंगे। उन्होंने सरकार से मानवीय आधार पर शीघ्र निर्णय लेने की अपील की। डिप्टी स्पीकर ने शिक्षकों की मांगों को गंभीरता से सुनते उन्हें संबंधित स्तर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।



## पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना होगी प्राथमिकता : डा. वैशाली

### उपायुक्त ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डा. वैशाली शर्मा ने मंगलवार को जींद जिले की उपायुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के उपरांत जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक कर जिले की प्रशासनिक व्यवस्थाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त की। डा. वैशाली शर्मा ने कार्यभार संभालने के उपरांत अधिकारियों के साथ जिले में चल रहे विकास कार्यों जनकल्याणकारी योजनाओं-प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। स्पष्ट कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। जिसमें सभी विभागों के विभागाध्यक्षों का साथ और सहयोग होना बहुत महत्वपूर्ण और आवश्यक है। गौरतलब है कि वर्ष 2017 बैच की आईएएस अधिकारी डा. वैशाली ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण के बाद प्रशासनिक सेवाओं की शुरुआत पुन्हाना (मेवात) में उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) के रूप में की थी। इसके पश्चात उन्होंने नारायणगढ़ में एसडीएमए करनाल में एडीसी कुरुक्षेत्र में अतिरिक्त उपायुक्त आदि महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं प्रदान की है।



### श्री सोमनाथ मंदिर की फ्री यात्रा के लिए छह तक करें आवेदनः डा. वैशाली शर्मा


**जींद।** डीसी डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी पहल मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत सोमनाथ स्वाभिमान पर्व एक हजार वर्ष की अखंड आस्था व पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने पर बुजुर्ग श्रद्धालुओं को पवित्र तीर्थ स्थल श्री सोमनाथ मंदिर प्रभास पाटन, वेरावल (गुजरात) के दर्शन करवाए जाएंगे। आगामी आठ जून को एक विशेष ट्रेन रवाना होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस विशेष ट्रेन को कुरुक्षेत्र से झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। जिला के सभी बुजुर्ग लाभपात्र ज्यादा से ज्यादा सरल पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन करें। यात्रा के दौरान श्रद्धालु बुजुर्गों को रहने- खाने सहित अन्य मूलभूत सेवाएं पूरी तरह से निःशुल्क मुहैया करवाई जाएगी।

### रोहतक में प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन 10 को

**उचाना।** भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर की जींद जिले की बैठक पालवां गांव में चबूतरे पर जिला प्रधान सुरेश जुल्हेड़ा की अध्यक्षता में हुई। संचालन जिला मीडिया प्रभारी सुनील ने किया। जिला महासचिव अनिल बैनीवाल ने कहा कि बिजली की हाईटेंशन लाइनों का मुआवजा देते समय मार्किट वैल्यू निकालने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा बनाए गए लॉटरी सिस्टम के खिलाफ 10 जून को रोहतक में प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन किया जाएगा। 10 जून को किसान रोहतक के मानसरोवर पार्क में एकत्रित होंगे और उसके बाद जिला सचिवालय की तरफ कूच करेंगे। फूलसिंह बरसोला ने कहा कि बिजली की हाईटेंशन लाइनों से जींद जिले के कई गांवों के किसान प्रभावित हैं और वे बड़ी संख्या में रोहतक पहुंचेंगे। जिला प्रधान सुरेश जुल्हेड़ा ने कहा कि अमेरिका के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते से भारत के किसानों में काफी रोष है।



पालवां चबूतरे पर आयोजित भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर की मीटिंग।



नरवाना। प्राचार्य बलजीत गोयत स्टाफ मेम्बर्स और बच्चों के साथ।

### संवादों का अभ्यास करवाया

**नरवाना।** राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि बेलरखां में आयोजित भारतीय भाषा समर कैंप के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने विभिन्न ज्ञानवर्धक एवं रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। अध्यापक प्रदीप जागलान ने बताया कि कैंप के दूसरे दिन विद्यालय के प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने विद्यार्थियों को भारत के प्रमुख शहरों की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं भौगोलिक विशेषताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न राज्यों के प्रसिद्ध शहरों उनकी पहचान, भाषा, संस्कृति तथा विशेषताओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया। कैंप के दौरान विद्यार्थियों को शहरों से संबंधित सामान्य बातचीत, बाजार, विद्यालय एवं दैनिक जीवन में प्रयोग होने वाले संवादों का अभ्यास कराया गया। साथ ही विद्यार्थियों को प्रश्न पूछने एवं उनके प्रभावी उत्तर देने की कला भी सिखाई।

### राजनीतिक दल व बीएलए प्रतिनिधियों की बैठक

**जींद।** जींद विस क्षेत्र में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 के संबंध में मंगलवार को एसडीएम कार्यालय में निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम सत्यवान सिंह मान की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों एवं बीएलए प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में प्रतिनिधियों को पूरी प्रक्रिया के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए। बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संविधान के अनुच्छेद 324 तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 21 के तहत विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। यह प्रक्रिया हरियाणा में लगभग 24 वर्ष बाद वर्ष 2002 के उपरांत पुनः लागू की जा रही है। कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए आगामी एक जुलाई को योग्यता तिथि निर्धारित की गई है। बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना कार्य 15 जून से 14 जुलाई तक किया जाएगा।



राजनीतिक पार्टी प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते एसडीएम सत्यवान मान।



जींद। कार्यशाला में भाग लेते शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

### हैप्पी क्लासरूम पर सेमिनार

**जींद।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में प्राचार्य डा. नीरज कुमार के मार्गदर्शन में हैप्पी क्लासरूम विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएवी विद्यालय के प्राचार्य डा. नीरज कुमार, रिसोर्स पर्सन विपुल शर्मा प्राचार्य नवदुर्गा सीनियर सेकेंडरी स्कूल सफीदों एवं सुवीरा हलवासिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल भिवानी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों से आए लगभग 60 अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सेमिनार के दौरान रिसोर्स पर्सन ने शिक्षकों को कक्षा कक्ष के वातावरण को अधिक सकारात्मक, रचनात्मक एवं आनंददायक बनाने के विभिन्न उपायों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि एक खुशहाल कक्षा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।



जुलाना। प्रतियोगिता में योग करते युवा। फोटो :हरिभूमि

### बराड़ खेड़ा के युवाओं ने मारी बाजी

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के शामलो कलां गांव में आयोजित खंड स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में बराडखेड़ा गांव के युवाओं ने बेतरीन प्रदर्शन करते प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में नुकूल ने प्रथम, रोहित ने दुसरा और मोहित ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। योग सहायक संगीत कुमार ने बताया कि 18 से 55 वर्ष पुरुष वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तीनों स्थान व्यायामशाला बराड़ खेड़ा के खिलाड़ियों ने हासिल किए। व्यायामशाला बराड़ खेड़ा के इंचार्ज एवं आयुष योग सहायक संगीत ने बताया कि खिलाड़ियों की सफलता उनके नियमित अभ्यास, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। वहीं 18 से 55 वर्ष महिला वर्ग में व्यायामशाला शामलो खुर्द की आयुष योग सहायक ज्योति ने प्रथम स्थान प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। 10 से 18 वर्ष बालिका वर्ग में शामलो खुर्द टीम ने प्रथम स्थान हासिल कर प्रतिभा का परिचय दिया।

## महिलाओं ने लिया जूट उत्पाद का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण जींद द्वारा गांव जैजैवंती में महिलाओं को जुट उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें 35 महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं ने जुट के बेहतरीन उत्पाद बनाना सिखा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में श्री वेद. शांति धाम वेलफेयर सोसाइटी की प्रधान नरेश मुदगिल को आमंत्रित किया गया। प्रशिक्षण में आर सेटी के निदेशक सुखबीर दहिया ने प्रशिक्षणार्थियों को हर तरह का प्रशिक्षण दिया। महिलाओं को अवगत कराया गया कि अपना कार्य शुरू करने से पहले आपको किन-किन बातों का ध्यान रखना है। वह कार्य को किस प्रकार धीरे-धीरे आगे बढ़ाना है। महिलाओं को हर पहलू से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि शुरू में आप कम पूंजी से अपना काम शुरू कर सकते हैं। इसके अलावा जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है, वह जिला अनुसूचित जनजाति निगम, महिला बाल कल्याण विकास निगम, पीएमई जीपी के अंतर्गत व्यवसाय करने के लिए लोन ले सकते हैं। यह लोन सब्सिडी प्रदान करता है। इसके अलावा आप सीधे बैंक से मुद्रा योजना वी स्टैंड अप इंडिया के तहत भी आवेदन करके ऋण ले सकते हैं।



जींद। जूट बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाएं। फोटो :हरिभूमि



उचाना। खंड स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी। फोटो :हरिभूमि

### पुरुष वर्ग में आकाश प्रथम

**उचाना।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम के तहत खंड स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने योग में भाग लिया। दो वर्गों में प्रतियोगिता आयोजित हुई। 10 वर्ष से 18 वर्ष के पुरुष वर्ग में प्रथम आकाश, द्वितीय आयुष तथा तृतीय सौरव रहा। महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर आंचल, द्वितीय रिया और तृतीय प्रीति रही। 19 वर्ष से 55 वर्ष के पुरुष वर्ग में प्रथम गुरमीत, द्वितीय कुलदीप, तृतीय विजेंद्र सिंह रहा। महिला वर्ग में प्रथम उषा, द्वितीय शारदा, तृतीय स्थान पर मंजीत रही। खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश आर्य ने योग के महत्व का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। इस मौके पर डॉ. चेतना शर्मा, डॉ. मीणा, सुरेंद्र कुमार डीपीई, उषा रानी पीटीआई, गजेंद्र सिंह पीटीआई मौजूद रहे।




जींद। जागरूकता अभियान चलाए कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

### स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**जींद।** प्राथमिक स्वस्थ्य केंद्र खरकरामजी के अंतर्गत आने वाले गांव सुंदरपुर में स्वास्थ्य सुपरवाइजर तेजवीर सिंह के नेतृत्व में मलेरिया के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें स्वास्थ्य सुपरवाइजर तेजवीर सिंह लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। स्वास्थ्य सप्ताह में एक दिन सूखा दिवस जरूर मनाएं। इसके लक्षण सर्दी व कंपन के साथ तेज बुखार व इसके बाद गर्मी लगना और पसीने केसाथ बुखार का उतरना है। उल्टियां व सिर दर्द होना है। बुखार हर रोज एक दिन छोड़कर या फिर तीसरे दिन आना है। उन्होंने बताया कि रोगी की रक्त पट्टीका बनाना और शीघ्र इसकी जांच करवाना चाहिए। मलेरिया घोषित होने पर रोगी द्वारा मूल उपचार लेना चाहिए। पानी के बर्तनों को अच्छी तरह ढक कर रखें। सप्ताह में एक बार सूखा दिवस मनाएं। घरों की खिड़कियों तथा दरवाजों पर जालियां लगवाएं।

## अवैध कनेक्शन पर सख्त कर्रवाई की तैयारी : नवीन मुंडे

# अवैध-अस्वच्छ पेयजल कनेक्शन धारकों को नोटिस

- नरवाना में रायका मोहल्ला और मोर पट्टी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हर घर तक स्वच्छ पेयजल आपूर्ति करवाने को लेकर उपमंडल अभियंता नवीन कुमार मुंडे ने रायका मोहल्ला और मोर पट्टी का निरीक्षण किया और मौके पर लोगों की समस्याओं को सुना। इस मौके पर टीम ने दर्जनों अवैध व अस्वच्छ कनैक्शन धारकों को नोटिस दिए। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के उपमंडल अभियंता नवीन कुमार मुंडे ने क्लोनिवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि अवैध कनैक्शन धारकों पर विभाग द्वारा सक्ष्त कार्रवाई की जाएगी। अतः जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने पेयजल के कनैक्शन नियमित नही करवाए वह जल्द से जल्द अपने कनैक्शन को नियमित करवा लें। उपमंडल अभियंता ने कहा कि विभाग द्वारा जल संरक्षण अभियान के तहत कई टीमों का गठन किया गया है जो घर-घर जाकर पेयजल के कनैक्शन को चैक कर रही है। इस मौके पर जो अवैध व अस्वच्छ कनैक्शन पाए जाते हैं, उन्हें नोटिस देकर दो दिन का समय दिया जाता है। इसके साथ ही जिन नलों पर टेप या टूंटी नही लगी उन कनैक्शन धारकों को भी नोटिस दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पेयजल से संबंधित किसी प्रकार की समस्या नही रहेगी हर घर तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की जाएगी।



जींद। अवैध कनेक्शनों पर कार्रवाई करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### जल संरक्षण अभियान जारी

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया की जिले में जल संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की संयुक्त टीम द्वारा खंड समन्वयक बलवान सिंह, कुशल शर्मा, सोमलता सैनी, दिनेश कुमारए सुरेन्द्र कुमार, ईश्वर सिंह, सुरेन्द्र दुग्गल के नेतृत्व मे गांव में पेयजल पाइप लाइन को लीकेज फ्री करके जीरो लीकेज किया जा रहा है। इसके साथ ही इस अभियान में हर कनैक्शन पर टेप लगवानाए अस्वच्छ कनेक्शन की पहचान करके उन्हें ठीक करवाना पेयजल आपूर्ति में क्लोरिनेशन चैक करना शमिल है।

**खबर संक्षेप**

## नशा तस्कर व सप्लायर सहित तीन आरोपी काबू

**कैथल।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 1 किलो 84 ग्राम चरस (सुल्फा) सहित काबू करने में सफलता हासिल की है। आरोपी से पूछताछ उपरांत त्वरित कार्रवाई दौरान चरस सप्लाई करने वाले दो आरोपियों को भी काबू कर लिया गया। डीएसपी बीर भान ने बताया कि एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई मुकेश कुमार की अगुवाई में एएसआई संजय कुमार अपनी टीम के साथ अपराध रोकथाम एवं चोरीशुदा वाहनों की जांच के संबंध में क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान ब्रह्मानंद चौक पूंडरी पर एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई की गांव पाई निवासी राजू चरस बेचने का काम करता है।

## विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर घर-घर दस्तक देंगे बीएलओ

**कैथल।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अपराजिता ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की तैयारियों को लेकर निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों तथा सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों की बैठक ली। इसमें अभियान की रूपरेखा, अधिकारियों की जिम्मेदारियों सहित अन्य संबंधी कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। डीसी ने निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप अभियान को पूरी गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ लागू किया जाए। इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को पूरी तरह सटीक एवं त्रुटिहीन बनाना है।

### वंश, भव्या एवं जतिन अपने-अपने आयु वर्ग में रहे विजेता

# खंड स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता में 326 प्रतिभागियों ने दिखाया दम





**गुहला चीका।** ब्लॉक स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिताओं दमखम दिखाते प्रतिभागी। *फोटो : हरिभूमि*

■ गुहला में सर्वाधिक 68 युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग कैथल के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षा विभाग एवं खेल विभाग के सहयोग से जिले के सातों खंडों में ब्लॉक स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिताएं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के अंतर्गत आयोजित की गईं। योग दिवस के नोडल अधिकारी एवं जिला परिषद के मुक्चय कार्यकारी अधिकारी सुरेश राविश के मार्गदर्शन तथा जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया के निर्देशन में आयुष विभाग के योग विशेषज्ञों एवं आयुष योग सहायकों द्वारा कैथल, कलायत, राजौंद, पुंडरी, ढांड, सीवन एवं गुहला खंडों में प्रतियोगिताओं का संचालन किया गया।

जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया ने बताया कि जिले भर में आयोजित इन प्रतियोगिताओं में कुल 326 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कैथल खंड में 57 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जहां मुक्चय अतिथि के रूप में अशोक मित्तल, डॉ. राजेंद्र कुमार एवं डॉ. सुनीता उपस्थित रहे। कलायत खंड में 47 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जबकि गुहला खंड में सर्वाधिक 68 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त राजौंद में 21, पूंडरी में 45, ढांड में 37 तथा सीवन में 51 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। कलायत स्थित एम.डी.एन. स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. विजय कांसल ने जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग द्वारा योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है, बल्कि मानसिक एकाग्रता एवं आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है।

### योग के प्रति बढ़ेगी रूचि

विद्यालय स्तर पर ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में योग के प्रति रुचि और प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित होती है। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कैथल खंड में वंश, भव्या एवं जतिन अपने-अपने आयु वर्ग में विजेता रहे। विजेताओं को सक्वमानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर आयुष विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. मिनी राठी, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. किरण दीप, डॉ. प्रेमचंद, डॉ. ममता मेहला, डॉ. प्रदीप शर्मा, डॉ. विक्रमजीत तथा डॉ. सुमित खरबंदा सहित अनेक अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



## कैथल में 21 लाख की लागत से बनेगा योग शेड : सुरेश गर्ग

**कैथल।** पतंजलि योग समिति की ओर से मंगलवार को कैथल के हुड्डा सेक्टर 20 के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में 15 दिवसीय सहयोग प्रशिक्षक योग शिविर लगाया गया। योग शिविर का शुभारंभ कैथल के राजनीतिज्ञ एवं प्रसिद्ध समाजसेवी सुरेश गर्ग नौच ने कर किया। उनके यहां आने पर योग समिति के जिला प्रभारी हरिओम तथा रामचरण आर्य द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर योग साधना को रामचरण द्वारा विभिन्न प्रकार के योगासन करवाए गए तथा उनके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। रामचरण ने बताया कि योग के माध्यम से ही हम बीमारियों को दूर भगा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज की भागम भाग की जिंदगी में योग के माध्यम से ही हम बीमारियों से छुटकारा पा सकते हैं। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति नित प्रति सूर्य नमस्कार करे तो उसको किसी भी प्रकार की व्याधि के लिए चिकित्सक पर जाने की जरूरत नहीं है। मुख्य अतिथि सुरेश गर्ग नोच ने बताया कि योग तथा प्राणायाम के माध्यम से ही बीमारियों से छुटकारा प्रकार आज आपके बीच खड़े हैं।



## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुए प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर

**कैथल।** महानिदेशक आयुष हरियाणा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 की पूर्व तैयारियों के अंतर्गत कैथल शहर के विभिन्न वार्डों में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया के मार्गदर्शन में आयोजित इन शिविरों में आयुष योग सहायकों द्वारा प्रतिभागियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सामान्य योग प्रोटोकॉल का प्रभावी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सूक्ष्म क्रियाओं, विभिन्न योगासनों, प्राणायाम तथा वैदिक मंत्रों का अभ्यास करवाया गया। शिविरों में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर योग के प्रति उत्साह और जागरूकता का परिचय दिया। वार्ड नंबर 24 में विभा गोयल की उपस्थिति में कनिका योग सहायक ने प्रशिक्षण दिया। वार्ड नंबर 4 में सुरेश कुमार तथा रवि कुमार योग सहायक द्वारा प्रतिभागियों को योगाभ्यास कराया गया। वार्ड नंबर 7 में भारतीय योग संस्थान के प्रधान सतपाल भारद्वाज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



**कलायत।** उप मंडल मुख्यालय भवन के अंदर शीशे टूटने से सहमे लोग।

## कलायत एसडीएम कार्यालय की खिड़की का शीशा टूटकर चकनाचूर, बड़ा हादसा टला

**कलायत।** कलायत उप मंडल भवन में मंगलवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। भवन के एक हिस्से में लगा भारी-भरकम शीशा अचानक टूटकर फर्श पर आ गिरा। शीशा इतनी जोरदार आवाज के साथ टूटा कि उसका शीशे के पार्ट दूर-दूर तक बिखर गए। गनीमत यह रही कि इस घटना में किसी भी नागरिक या कर्मचारी को गंभीर चोट नहीं आई। यह घटना पूरी तरह भवन के सबसे व्यस्त हिस्से में स्थित सीएम विंडो और सरल केंद्र (एल खिडक़ी) के बिल्कुल नजदीक हुई। सरकारी कार्यों के लिए आम दिनों की तुलना में लोगों की आवाजाही काफी अधिक थी। जिस समय शीशा अचानक चटककर नीचे गिरा उस समय वहां कई लोग अपनी अर्जियां और शिकायतें लेकर कतारों में खड़े थे। शीशा टूटने के जोरदार धमाके और कांच के टुकड़े बिखरने से मौके पर मौजूद महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं में अफरा-तफरी मच गई।

# लंबित मामलों का शीघ्र निपटान करें अधिकारी: डीसी

■ डीसी अपराजिता ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

डीसी अपराजिता ने मंगलवार को जिला के राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर निशानदेही, जमाबंदी, इंतकाल, टोकन पेंडेंसी, रिकवरी तथा न्यायालयों में लंबित मामलों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी राजस्व मामलों का समयबद्ध निपटान सुनिश्चित किया जाए तथा लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। राजस्व कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।



**कैथल।** डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

निशानदेही कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए डीसी ने सभी एसडीएम को अपने-अपने उपमंडलों में इस कार्य की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को इस सप्ताह के अंत तक अनिवार्य रूप से 5-5 निशानदेही मामलों का निपटान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को सभी तहसीलों से प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

बैठक में यह भी सामने आया कि कई मामलों में आवेदन प्राप्त होने के बावजूद आवेदकों द्वारा निर्धारित शुल्क जमा नहीं कराया गया है। इस पर डीसी ने निर्देश दिए कि संबंधित आवेदकों से संपर्क करके उन्हें कार्यालय बुलाया जाए तथा शुल्क जमा करवाकर सीमांकन कार्य पूर्ण कराया जाए। इसी प्रकार उन्होंने रिकवरी को लेकर भी आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि जिन क्षेत्रों में वसूली की प्रगति शून्य है, वहां विशेष अभियान चलाकर रिकवरी बढ़ाई जाए। साथ ही कोर्ट केसों के निपटान में प्रगति लाएं तथा टोकन पेंडेंसी को समाप्त करें।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सहायक आयुक्त (अंडर ट्रेनी) एडीसी सुशील कुमार, कैथल एसडीएम संजय कुमार, कलायत एसडीएम अजय हुड्डा, सीटीएम कैप्टन प्रमेश कुमार, डीआरओ चंद्रमोहन सहित तहसीलदार व नायब तहसीलदार मौजूद रहे।

## 7 जून को होगा 6वां विशाल श्याम संकीर्तन महोत्सव

■ गायक शीतल पांडे, दर्पण शर्मा करेंगे बाबा श्याम का गुणगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुण्डरी

श्याम मित्र मंडल फतेहपुर-पूंडरी द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 6वें विशाल श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन 7 जून को पूंडरी स्थित एक निजी पैलेस में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया जाएगा। महोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी संबंध में मित्र मंडल के सदस्यों की एक बैठक पूंडरी-पाई रोड पर आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान मंडल सदस्य डॉ. बलविंद्र मैहला एवं प्रभात गोयल ने बताया कि श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में देश के प्रसिद्ध भजन गायक श्रद्धालुओं को अपने भजनों से मंत्रमुग्ध करेंगे। कार्यक्रम में भजन गायक शीतल पांडे, दर्पण शर्मा और नरेश सैनी बाबा श्याम का गुणगान करेंगे। उन्होंने बताया कि महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है और इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि महोत्सव से एक दिन पूर्व 6 जून को भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा झड़ामल धर्मशाला से आरंभ होकर शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर संपन्न होगी।

## गर्मी से राहत देने के लिए दुकानदारों ने लगाई जलजीरा व मीठे पानी की छबील

■ छबील का उद्देश्य समाजसेवा व परोपकार को बढ़ाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच नगर में पटवारखाना के नजदीक स्थित बाजार के दुकानदारों द्वारा राहगीरों को गर्मी से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से ठंडे मीठे पानी और जलजीरा की छबील लगाई गई। छबील में दिनभर आने-जाने वाले लोगों, वाहन चालकों और राहगीरों को ठंडा जल एवं जलजीरा वितरित किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी अभिषेक मेहता ने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासे लोगों को पानी पिलाना सबसे बड़ी मानव सेवा है। बढ़ रही गर्मी के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे समय में समाज के सक्षम लोगों को आगे आकर जरूरतमंदों और राहगीरों की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छबील लगाने का उद्देश्य केवल लोगों को गर्मी से राहत पहुंचाना ही नहीं, बल्कि समाज में सेवा और परोपकार की भावना को भी बढ़ावा देना है।




**कैथल।** सीवन में छबील में सेवा करते युवा। *फोटो : हरिभूमि*

## समाधान शिविर में निपटाया सुप्रीम कोर्ट में 14 साल से चल रहा मामला

■ सर्वोच्च न्यायालय में 21, 22 और 23 अगस्त को होगी लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कैथल के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कंवल कुमार तथा मध्यस्थ विजय शर्मा के प्रयासों से सर्वोच्च न्यायालय में लंबित एक पुराने विवाद का सफलतापूर्वक निपटारा मध्यस्थता के माध्यम से किया गया। जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कैथल के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कंवल कुमार ने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित समाधान समारोह के तहत सर्वोच्च न्यायालय में लंबित विभिन्न वाद-विवादों का निपटारा मध्यस्थता के माध्यम से किया जा रहा है। इसी क्रम में कैथल जिले से संबंधित एक मामला, जो लगभग 14 वर्षों से सर्वोच्च न्यायालय में लंबित था, दोनों पक्षों की सहमति से मध्यस्थता के माध्यम से सफलतापूर्वक सुलझा लिया गया। माननीय सर्वोच्च न्यायालय में 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाली लोक अदालत के माध्यम से भी लंबित मामलों का निपटारा किया जाएगा। आज संपन्न हुए इस समझौते से दोनों पक्ष संतुष्ट एवं प्रसन्न हैं।

## सेरधा में सूखे तालाबों ने बढ़ाई मुसीबत पशुपालक पानी के लिए हो रहे परेशान

■ हर साल गर्मी के मौसम में समस्या धारण करती है विकराल रूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

गांव सेरधा में इन दिनों भीषण गर्मी के साथ-साथ पानी की किल्लत ने ग्रामीणों और खासकर पशुपालकों की परेशानी बढ़ा दी है। गांव के तालाब पूरी तरह सूख चुके हैं, जिससे पशुओं को पानी पिलाना एक बड़ी चुनौती बन गया है। हालात ऐसे हैं कि पशुपालकों को दूर-दराज के क्षेत्रों से पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है।ग्रामीणों का कहना है कि हर साल गर्मी के मौसम में यह समस्या विकराल रूप धारण कर लेती है, लेकिन इस बार स्थिति और भी गंभीर है। तालाबों में पानी नहीं होने के कारण पशु प्यास से बेहाल हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द तालाबों में पानी भरवाने या वैकल्पिक जल स्त्रोत की व्यवस्था की जाए, ताकि पशुओं को राहत मिल सके।



**राजौंद।** गांव सेरधा में सूखा पड़ा तालाब। *फोटो : हरिभूमि*

### उड़ीसा के राउरकेला में 29 से 31 मई तक हुई थी प्रतियोगिता

# जूनियर टेपबाल क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रदेश की बेटियों ने जीता रजत

*असम, महाराष्ट्र और छतीसगढ़ की टीमों को हराकर किया सेमीफाइनल में प्रवेश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

उड़ीसा के राउरकेला में 29 मई से 31 मई तक आयोजित दूसरी राष्ट्रीय जूनियर लड़के एवं लड़कियां टेपबाल क्रिकेट प्रतियोगिता में हरियाणा की लड़कियों की टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया। हरियाणा टेपबाल संघ के कार्यकारी सचिव संजय सैन ने बताया कि देशभर से लगभग 18 राज्यों की टीमों ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें खिलाड़ियों ने अपने कौशल और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। हरियाणा की लड़कियों की टीम ने प्रतियोगिता के प्रारंभ से ही दमदार खेल दिखाया। लीग चरण के मुकाबलों में टीम ने असम, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ जैसी मजबूत टीमों को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।




**कैथल।** टेपबाल क्रिकेट प्रतियोगिता में हरियाणा की लड़कियों की टीम कोच के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

### फाइनल में 15 रन से पिछड़ा हरियाणा

सेन ने बताया कि सेमीफाइनल मुकाबले में हरियाणा का सामना राजस्थान की टीम से हुआ। इस रोमांचक मैच में हरियाणा की खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजस्थान को पराजित किया और फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया। फाइनल मुकाबला मेजबान उड़ीसा और हरियाणा के बीच खेला गया। मैच बेहद रोमांचक रहा। उड़ीसा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए हरियाणा के सामने 64 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरियाणा की टीम ने संघर्षपूर्ण प्रदर्शन किया, लेकिन अंततः 15 रन से पीछे रह गई। इस प्रकार हरियाणा की टीम को उपविजेता संतोष करना पड़ा और उसने प्रतियोगिता में रजत पदक अपने नाम किया। संजय सैन ने बताया कि खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान अनुशासन, टीम भावना और उत्कृष्ट खेल का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक जीतना हरियाणा की बेटियों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। यह उपलब्धि प्रदेश में टेपबाल क्रिकेट को नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने बताया कि टीम के साथ कोच के रूप में सुदर्शन सिंह, इंद्र गोस्वामी, कुलदीप सिंह तथा नरेन्द्र कुमार मौजूद रहे। हरियाणा टेपबाल संघ के पदाधिकारियों, खेल प्रेमियों एवं खिलाड़ियों के परिजनों ने टीम की इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए सभी खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ को बधाई दी है।

## 21 लाख रुपये के सहयोग से मजबूत होंगे रोड समाज के विकास कार्य

**पुण्डरी।** अखिल भारतीय रोड महासभा को उस समय बड़ी सौगात मिली जब अमेरिका (यूएसए) में रह रहे प्रवासी समाजसेवी णधीर सिंह गोलन द्वारा समाज हित में घोषित 21 लाख रुपये की सहयोग राशि महासभा को भेंट की गई। यह राशि उनके सुपुत्र राजेंद्र सिंह गोलन ने अखिल भारतीय रोड महासभा के अध्यक्ष चौ. बलकार सिंह पूंडरी को सौंपते हुए समाज सेवा के प्रति अपने परिवार की प्रतिबद्धता को दोहराया। इस अवसर को रोड समाज के लिए ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण बताते हुए उपस्थित समाज के गणमान्य व्यक्तियों एवं महासभा पदाधिकारियों ने कहा कि समाज के विकास के लिए इस प्रकार का सहयोग अनुकरणीय है। उन्होंने चौ. रणधीर सिंह गोलन के समाज के प्रति समर्पण, उदार सोच और सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि उनका योगदान आने वाली पीढ्यों को भी समाज हित में आगे आने के लिए प्रेरित करेगा।



**पुण्डरी।** सहयोग राशि भेंट करते राजेंद्र सिंह गोलन एवं उपस्थित पदाधिकारी।

खबर संक्षेप



## किछाना मार्ग निर्माण के चलते जलभराव,

**राजौंद।** खंड के गांव किछाना में चल रहे सड़क निर्माण कार्य के कारण नालों का पानी रोक दिया गया है,जिससे बस्ती में जलभराव की स्थिति बन गई है। पानी की निकासी का कोई उचित प्रबंध न होने के कारण गंदा पानी गलियों में जमा हो गया है और अब घरों के अंदर तक पहुंचने लगा है।ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार द्वारा नालियों के बहाव को बंद कर दिया गया, लेकिन वैकल्पिक निकासी की व्यवस्था नहीं की गई। इसके चलते बदबूदार और दूषित पानी सड़कों पर खड़ा है, जिससे लोगों का घरों से निकलना भी मुश्किल हो गया है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि छोटे बच्चों और बुजुर्गों को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही गंदे पानी के कारण बीमारियों फैलने का खतरा भी बढ़ गया है।

## विद्यार्थियों ने लिया बाल संस्कार शिविर में भाग

उचाना। एमडीएन हाई स्कूल अलीपुरा के विद्यार्थियों ने आर्य समाज द्वारा आयोजित बाल संस्कार शिविर आर्य गुरुकुल अहिरका में भाग लिया। यह शिविर विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण, वैदिक संस्कारों, अनुशासन, योग, यज्ञ, व्यक्तित्व विकास एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ऐसे शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उन्हें जीवन में सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं।

## ठंडे पानी की छबील लगाई जाएगी

**नरवाना।** कांग्रेस के महासचिव रणदीप सुरजेवाला के जन्म दिन के मौके पर तीन जून को अग्रवाल जन जागरण मंच;रजिण्द्ध नरवाना द्वारा जलजीरा और ठंडे पानी की छबील का आयोजन किया जाएगा। जयराम अस्पताल नरवाना के प्रधान कैलाश सिंगला ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस बार भी समाज सेवा महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा रणदीप सुरजेवाला का जन्मदिन तीन जून को सुबह 10 बजे से हुड्डा ग्राउंड नरवाना के त्रिवेणी चौक पर राहगीरों और आमजन की प्यास बुझाने के लिए जलजीरा और ठंडे पानी की छबील का होगा आयोजन किया जाएगा।

## आईटीआई डूमरखा खुर्द में दाखिला प्रक्रिया शुरू

**नरवाना।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ;महिलाद्धए डूमरखा खुर्द में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए दाखिला प्रक्रिया दो जून से प्रारंभ होकर 15 जून तक चलेगी। संस्थान के प्राचार्य ओमपाल ने समय रहते ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है। प्राचार्य ओमपाल ने बताया कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में तकनीकी शिक्षा युवतियों के लिए रोजगार, स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार बन रही है। संस्थान में केवल महिला अभ्यर्थियों के लिए उद्योगों की मांग के अनुरूप आधुनिक एवं रोजगारपरक ट्रेड संचालित किए जा रहे हैं।

### हेल्प डेस्क के माध्यम से मुफ्त में किए जा सकेंगे आवेदन

# मिशन एडमिशन: आईटीआई में दाखिले का इंतजार खत्म, आवेदन प्रक्रिया शुरू

सूरज सहारण ⏭ कैथल

- जिले में करीब 5000 सीटों पर होगा दाखिला
- 15 जून तक किया जा सकेगा आवेदन

आईटीआई में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों का इंतजार समाप्त हो गया। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने प्रदेश के राजकीय आईटीआई में दाखिला प्रक्रिया दिया है। शेडयूल अनुसार विद्यार्थी आनलाइन आवेदन 15 जून तक कर सकेंगे। दाखिला को लेकर जिला नोडल अधिकारी एवं प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई कैथल ने दाखिला कमेटियों का गठन कर दिया है। उन्होंने मंगलवार को दाखिला कमेटी के सदस्यों की मीटिंग ली तथा उन्हें दाखिला प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों की सहायता के लिए संस्थान में हेल्प डेस्क स्थापित किए हैं। कोई भी छात्र या छात्रा संस्थान में आकर हैल्प डेस्क से निःशुल्क फार्म भरवा सकते हैं।


कैथल। संस्थान में आनलाइन आवेदन करवाती छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

### विद्यार्थियों को नहीं आने देंगे परेशानी



*आईटीआई के जिला नोडल अधिकारी एवं राजकीय आईटीआई कैथल के प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल ने बताया कि संस्थान में दाखिला प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। आईटीआई में हैल्प डेस्क स्थापित कर दिए गए हैं। इच्छुक विद्यार्थी 15 जून तक संस्थान में आकर फ्री में अपना आवेदन आनलाइन करवा सकते हैं। विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। -प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल*

### राजकीय आईटीआई में होंगे 900 सीटों पर दाखिले

यदि राजकीय आईटीआई कैथल की बात की जाए तो कैथल में 900 तथा महिला आईटीआई कैथल में करीब 300 सीटें बताई जा रही हैं। राजकीय आईटीआई कैथल में जहां 28 कोर्स चलाए जा रहे हैं वहीं महिला आईटीआई में 8 कोर्स चलाए जा रहे हैं। कोर्सों करने वाले विद्यार्थियों को आधुनिक मशीनों पर प्रशिक्षण दिया जाता है।

### दाखिले के लिए ये दस्तावेज होंगे आवश्यक

- दसवीं या 12वीं का प्रमाण पत्र
- आधार कार्ड।
- फेमिली आइडी।
- इ-मेल आइडी।
- मोबाइल नंबर।
- बैंक खाता नंबर।
- जाति प्रमाण पत्र।
- रिहायशी प्रमाण पत्र।
- नवीनतम रंगीन फोटो।

### यहां होगा दाखिला

| ये हैं जिले की राजकीय आईटीआई | सीटों की अनुमानित संख्या |
|---|---|
| राजकीय आईटीआई कैथल | 900 |
| राजकीय आईटीआई महिला कैथल | 300 |
| राजकीय आईटीआई पूंडरी | 500 |
| राजकीय आईटीआई महिला पूंडरी | 200 |
| राजकीय आईटीआई कलायत | 600 |
| राजकीय आईटीआई राजौंद | 500 |
| राजकीय आईटीआई गुहना | 150 |
| राजकीय आईटीआई गुहला एट चीका | 400 |
| राजकीय आईटीआई पबनावा | 500 |

**कैथल के महिला आईटीआई में चलाए जा रहे कोर्स**

*कोपा, स्टैनो अंग्रेजी, ड्रेस मेकिंग, बेसिक कोस्टमैटोलाजी, फैशन टैक्नोलोजी, इलेक्ट्रोनिक मैकेनिक, डीएमसी, डीटीपी*

### यहां चलाए जा रहे हैं प्राइवेट आईटीआई

- जाट प्राइवेट आईटीआई कैथल।
- हरियाणा प्राइवेट आईटीआई कैथल।
- रामा प्राइवेट आईटीआई कुतुबपुर।
- युवराज प्राइवेट आईटीआई बाता।
- आदर्श प्राइवेट आईटीआई बुढाखेडा।
- कैथल प्राइवेट आईटीआई मागोमाजरी।
- ढांड प्राइवेट आईटीआई ढांड।
- श्रीराम प्राइवेट आईटीआई राजौंद।
- बीपीआर प्राइवेट आईटीआई पाडला।
- डा. भीमराव अंबेडकर प्राइवेट आईटीआई पूंडरी।

### आईटीआई में दाखिला बनेगा विकल्प

इस बार 12वीं में पास आउट की संख्या अधिक और कालेजों में सीटों की संख्या कम होने के कारण विद्यार्थियों का रूझान आईटीआई की ओर भी रहने का अनुमान जताया जा रहा है। आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो जिले में कुल 19 आईटीआई हैं। इनमें 9 राजकीय और 10 प्राइवेट आईटीआई शामिल हैं। दाखिला की सीट करीब 5000 बताई जा रही हैं।

**आईटीआई में चलाए जा रहे कोर्स**

*पलंबर, फीटर, टर्नर, इलेक्ट्रिशियन, वायरमैन, वैल्डर, कारपेंटर, कोपा, डीएमएम, डीएमसी, पेंटर जनरल, इलेक्ट्रोनिक मैकेनिक, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्क मेंटीनेंस, इंस्टरूमैंट मैकेनिक, मैकेनिक आरएसी, मोटर मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक, मशीनीस्ट, मशीनीस्ट ग्राइंडर, टूल एंड डाई, टैक्नीशियन पावर इलेक्ट्रोनिक सिस्टम, स्टैनो हिंदी, स्टैनो अंग्रेजी, सीविंग टैक्नोलाजी, ड्रेस मेकिंग*


जींद। आईटीआई में छात्रों के लिए लगाई गई हेल्प डेस्क। फोटो: हरिभूमि

## आईटीआई में दाखिले के लिए आवेदन की प्रक्रिया हुई शुरू

- जींद आईटीआई में पहले दिन 128 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रवेश की प्रक्रिया दो जून मंगलवार से शुरू हो गई। इच्छुक छात्रों के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 15 जून तय की गई है। दाखिला आवेदन के पहले दिन ही 128 से अधिक आवेदन आ गए हैं। आवेदन करते समय छात्रों को अपनी शैक्षणिक योग्यता, आरक्षण, स्थायी निवासी और अन्य जरूरी प्रमाण पत्रों की स्कैन कॉपी अपलोड करनी होगी।

### दाखिले को लेकर मारामारी

इस बार 10वीं व 12वीं कक्षा में दोनों बोर्ड से साढ़े 15 हजार से अधिक विद्यार्थी पास हो चुके हैं। जबकि जिलेभर की 25 राजकीय और निजी आइटीआई में विभिन्न ट्रेड में 5244 सीट हैं। इसमें से नौ राजकीय आइटीआई में 2688 और 16 निजी आइटीआइ में 2556 सीट हैं। ऐसे में जिलेभर की आइटीआई में दाखिले को लेकर मारामारी रहेगी। विद्यार्थियों की सबसे पहली पसंद जींद में कैथल रोड स्थित राजकीय आइटीआइ रहती है। यहां आवेदन के समय कई ट्रेड में 100 से ऊपर मेरिट लिस्ट रहती है। वहीं राजकीय आइटीआइ में निर्धारित सीटों पर तीन से चार गुना आवेदन भी आते हैं।

### आवेदकों में उत्साह

जींद आईटीआई के प्राचार्य नरेश पांचाल ने बताया कि आवेदकों में ज्यादा उत्साह देखने को मिल रहा है। विभाग ने सभी आवश्यक जानकारी, संस्थानों की सूची और सीटों का विवरण अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध कर दिया है। आईटीआई में दाखिला लेने वाले विद्यार्थी तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त करके आत्मनिर्भर बन सकते हैं और उद्योगों की जरूरत के अनुसार रोजगार पा सकते हैं। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद छात्रों को सरकारीए निजी और औद्योगिक क्षेत्रों में अच्छे अवसर मिलते हैं। आईटीआई प्रशिक्षण छात्रों को व्यावसायिक कौशल के साथ आत्मविश्वास भी देता है जिससे वे रोजगार की दुनिया में आसानी से कदम रख सकते हैं। इसलिए सभी इच्छुक छात्र आवेदन की प्रक्रिया को समय पर पूरा करें और अपना उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करें।

## उचाना में विकास की रफ्तार हुई तेज

- कई सालों से उचाना खुर्द के लोग कर रहे थे मांग
- 3.42 करोड़ से उचाना खुर्द में होगा आधुनिक उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ उचाना


विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

फरवरी माह में हुई सीएम नायब सिंह सैनी की विकास रैली के बाद उचाना की पुराने मांगे पूरी होने लगी है। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा रखी गई उचाना खुर्द में पीएचसी केंद्र की बिल्डिंग की मांग को सीएम ने मंजूर किया था। जलघर के पास करीब सवा एकड़ में 3.42 करोड़ रुपए में आधुनिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण होगा। पीडब्ल्यूडी द्वारा इसको लेकर टेंडर जारी कर दिया है। 2022 से की जा रही ये मांग पूरी होने पर ग्रामीणों ने विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री का आभार प्रकट किया। उचाना खुर्द में पीएचसी केंद्र बनने के बाद आस-पास के अनेकों गांव को इसक लाभ होगा। ग्रामीण सतीश जांगड़ा, रणधीर पांचाल, दलबीर ग्रोवर, कर्मचंद शर्मा, दलबीर, रमेश, बलवंत, राजेंद्र, बलबीर, पूर्ण जांगड़ा ने बताया पीएचसी केंद्र तो मंजूर हो चुका था लेकिन बिल्डिंग का निर्माण नहीं हो रहा था। उचाना में सीएम नायब सिंह सैनी की धन्यवाद एवं विकास रैली में विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के समक्ष ग्रामीणों ने पीएचसी केंद्र की बिल्डिंग का निर्माण करवाने की मांग की।

### टेंडर हो चुका है जारी

विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने बताया कि बिल्डिंग निर्माण को लेकर पीडब्ल्यूडी ने टेंडर जारी कर दिया है। 3.42 करोड़ में से आधुनिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण होगा। सीएम के समक्ष ग्रामीणों द्वारा की गई मांग को रखा था। उचाना विकास रैली के बाद उचाना में विकास की रफ्तार तेज हुई है। विकसित उचाना का जो वायदा हलके के लोगों से किया था उस वायदे को निरंतर पूरा करने में लगे है। सीएम नायब सिंह सैनी ने उचाना को नायब सौगात देने का काम किया है।

## जींद में हरियाणा का सबसे बड़ा ओपन माइक कार्यक्रम

- बच्चों और युवाओं ने गायन, नृत्य, कविता के माध्यम से दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

जींद में आयोजित जींद ओपन माइक 2026 ने प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच प्रदान करते हुए जिले में एक नई मिसाल कायम की। कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा के पुत्र रुद्राक्ष मिड्ढा मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला परिषद चेयरमैन कुलदीप रंधावा, कामिनी आशरी, प्रदीप गिल, श्रीपाल रेढू, भारत भूषण टांक, डा. ज्योति श्योराण, डा. सुनील सैनी, लविश, राधेश्याम चिलाना, कपिल चौहान, रेणु मंगला एवं आस्था मंगला विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इसके अलावा मुंबई और पंजाब से आए जजों ने भी प्रतियोगियों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में द आर्ट डांस स्टूडियो के निदेशक जिमी बिरला तथा सोनी क्लासेस के निदेशक कुलदीप सोनी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का मंच संचालन शहजादा परवेश ने प्रभावशाली ढंग से किया। कार्यक्रम के दौरान हरियाणा के विभिन्न जिलों तथा जींद के प्रतिभाशाली बच्चों और युवाओं ने गायन, नृत्य, कविता, अभिनय और अन्य कलाओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।


जींद। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए।

### यादगार कार्यक्रम

जिमी बिरला ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि जींद ओपन माइक 2026 में हरियाणा भर से आए प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया और कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों ने आयोजकों की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे सांस्कृतिक एवं प्रतिभा विकास कार्यक्रमों के आयोजन की उम्मीद जताई।

## संगठन के समर्पित कार्यकर्ता को मिला सम्मान : डॉ. पुष्पा

- एडवोकेट वेदपाल को मार्केटिंग बोर्ड का चेयरमैन बनाए जाने पर भाजपा नेत्री ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुलाना

करनाल के रसूलपुर गांव निवासी भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट वेदपाल को हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। भाजपा जिला जींद की महामंत्री डा. पुष्पा तायल तथा नरेश तायल ने एडवोकेट वेदपाल को बधाई देते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व ने एक कर्मठए ईमानदार और अनुभवी कार्यकर्ता को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपकर संगठन के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं का सम्मान किया है। डा. पुष्पा तायल ने कहा कि एडवोकेट वेदपाल लंबे समय से भाजपा संगठन को मजबूती देने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी कार्यशैली और संगठनात्मक अनुभव का लाभ अब हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड को मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि वे किसानोंए व्यापारियों और आम जनता के हित में बेहतर कार्य करेंगे। डाण तायल ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा योग्य और मेहनती लोगों को जिम्मेदारी देने का काम करती है।

## अलग बिजली लाइन के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

गांव जडौला की बिजली लाइन सीधे पावर हाउस से देने की मांग को लेकर मंगलवार को ग्रामीण बिजली निगम के एसडीओ हरी राम से मिले तथा उन्हें अपनी मांगों का ज्ञापन सौपा। ग्रामीणों का नेतृत्व भाकियू के युवा प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य ढांड ने किया। ग्रामीण शमशेर, ओमप्रकाश, दिलबाग, दयाचंद, रामदिया, नीरज, सोनू आदि ने बताया कि जिस समय गांव में बिजली घर बनाया गया था तो उस समय निगम के अधिकारियों द्वारा उनके गांव की अलग लाइन देने का आश्वासन दिया था जो आज तक भी पूरा नहीं हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव जडौला की लाइन भी अन्य गांवों के साथ जोडी हुई है। ऐस में दूसरे गांवों में बिजली फाल्ट आने के समय उनकी लाइन भी काट दी जाती है जिस कारण ग्रामीणों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पडता है। वे इसे लेकर कई बार उच्चाधिकारियों से मिल चुके हैं लेकिन उन्हें केवल आश्वासन ही मिला है। एसडीओ ने राजीव आर्य को आश्वासन दिया कि करीब 10 दिन तक उनकी समस्या को हल कर दिया जाएगा। आर्य ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांग नहीं मानी गई तो मजबूरन ग्रामीणों को आंदोलन का रास्ता अपनाना होगा।


कैथल। एसडीओ ज्ञापन सौपते गांव जडौला के ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि



## स्वर्णकार यूनियन की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

**कैथल।** नगर में स्वर्णकार संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन वरिष्ठ सदस्य रमेश वर्मा के संस्थान पर किया गया। बैठक में स्वर्णकार समाज एवं व्यापार से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के बारे में जानकारी देते हुए रमेश वर्मा ने बताया कि संघ के सदस्यों ने सोने-चांदी के बाजार की वर्तमान स्थिति, सोने के बंधेल सामान से संबंधित मुद्दों तथा व्यापार में आ रही चुनौतियों पर अपने विचार रखे। बैठक के दौरान यूनियन के वार्षिक चंदे, संगठन की गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। सदस्यों ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आपसी सहयोग की भावना को बढ़ावा देने पर बल दिया। इसके अलावा व्यापारियों की समस्याओं और उनके समाधान को लेकर भी चर्चा की गई।

## आईटीआई में भविष्य बनाने का सुनहरा मौका

**पुण्डरी।** प्रदेश में दसवीं और बारहवीं का रिजल्ट जारी हो चूका है व आईटीआई में अपना करियर देखने वाले छात्र-छात्राओं के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया 2 जून से शुरू हो गई है। आईटीआई में दाखिले हेतू इच्छुक विद्यार्थी पर 15 जून तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। नोटिफिकेशन के अनुसार दाखिले का पूरा शेड्यूल वेबसाईट पर अपलोड किया जाएगा जिसके लिए नियमित वेबसाइट विजिट करते रहें। राजकीय आईटीआई महिला पूण्डरी के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि संस्थान के कुल 5 व्यवसायों की 112 सीटों के लिए इच्छुक छात्राओं के दाखिला फॉर्म संस्थान में निशुल्क भरे जा रहे है ,जिसके लिए संस्थान में हेल्पडेस्क भी बनाया गया हैं। आईटीआई में दाखिला लेने वाली छात्राओं की पूरी टयुशन निशुल्क है, नियमानुसार स्कोलरशिप 2500रू की एकमुश्त प्रोतसाहन राशि, फ्री पासपोर्ट, फ्री बस पास, 1000रू की टूलकीट व आद्योगिक इकाइओं का दौरा करवाया जाता है।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

प्रतिभा

### खिलाड़ियों की उपलब्धि पर इंडस संस्था में खुशी की लहर

## राज्यस्तर की निशानेबाजी प्रतियोगिता में इंडस के तीन विद्यार्थियों का चयन

**इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाष श्योराण ने विजेता खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को बधाई दी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

गत 23 मई से एक जून तक डा. केएससआर तुगलकाबाद नई दिल्ली स्टेडियम में परि स्टेट निषानेबाजी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें इंडस पब्लिक स्कूल जींद के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन रहा। इस प्रतियोगिता में छात्रा साक्षी ने 10 मीटर और 25 मीटर राइफल यूथ वूमैन प्रतियोगिता में परि-स्टेट क्वालिफाई कर स्टेट में अपनी जगह बनाई। इसी कड़ी का आगे बढ़ाते हुए कक्षा दसवीं के छात्र कदम और ईशान ने 10 मीटर एयर राइफल में परि स्टेट क्वालिफाई कर स्टेट में अपनी जगह बनाई। अब ये छात्र आगामी दो जून से 12 जून तक डा. केएसएसआर तुगलकाबाद नई दिल्ली स्टेडियम में होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर इंडस संस्था में खुशी की लहर दौड़ गई। इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाष श्योराण ने विजेता खिलाडि़यों, अभिभावकों एवं प्रशिक्षक सुखबीर ढांडा को बधाई देते हुए कहा कि हमारा इंडस ग्रुप हर प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लेकर अपना विशेष स्थान बना रहा है। उन्होंने अन्य बच्चों को भी प्रेरित करते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से हमारे अंदर आत्मविश्वास, एकाग्रता और मेल-जोल की भावना बढ़ती है।


जींद। प्रतियोगिता में भाग लेते हुए खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

### बच्चों का बढ़ाया हौसला

इस अवसर पर स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा ने बच्चों में उत्साह जागृत करते हुए कहा कि इस प्रकार के खेलों के माध्यम से बच्चों के अंदर आत्मविश्वास की भावना जागृत होती है एवं बच्चों के हुनर का पता चलता है। उपप्राचार्य प्रवीन कुमार ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। खेलों के माध्यम से ही बच्चों के अंदर शारीरिक एंव मानसिक विकास उत्पन्न होता है।

## मजदूर की हत्या के आरोपी को भेजा जेल

**कैथल।** गांव भाणा में अपने साथी मजदूर की हथौड़ा मारकर हत्या मामले में पुलिस ने आरोपी गांव कल्याणी छपरा जिला शिव हर बिहार निवासी उमेश दास को गांव पाई से काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बिहार निवासी राकेश की शिकायत अनुसार वह अपने गांव के उमेश दास तथा कामेश्वर दास के साथ पिछले 15-20 दिनों से गांव भाणा में गन्ना बंधाई का कार्य कर रहा था तथा तीनों खेत में बने ट्यूबवेल कोठे पर रह रहे थे। 31 मई की रात करीब 9 बजे उमेश दास और कामेश्वर दास के बीच पैसों व डायरी को लेकर कहासुनी हो गई। उसने दोनों को समझाकर शांत करने का प्रयास किया लेकिन उमेश दास ने हथौड़े से कामेश्वर के सिर व कमर पर वार कर दिए।